तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **घेवरराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अपील संख्या 190/2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.08.23	अपीलार्थी घेवरराम पुत्र रामाराम निवासी म.न. 161, सांगरिया सर्कल, गणेश विहार, पाल लिंक रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 05.04.2023 में प्रार्थी घेवरराम जरिये अधिवक्ता हनुमान प्रजापति द्वारा आपके कार्यालय में दिनांक 08.03.2022 को उचित कार्यवाही हेतु आपके समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसका पंजीयन क्रमांक भू.अ./2022/2018 दिनांक 25.04.2022 है। इस प्रार्थना पत्र पर पटवारी सुभदण्ड और तहसीलदार, लूणी द्वारा की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतिलिपि और प्रार्थी के प्रार्थना पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	